एक नजर में

दो बाइकों की टक्कर में महिला गंभीर घायल

चंदला, 4 दिसंबर. ग्राम बलकौरा तिगैला का है, जहां बसराही निवाशी 27 वर्षीय खुशबु पटेल पति कल्लू पटेल के साथ देवपुर जा रही थी, जहां कल लवकुश नगर बसहा नाले के पास हुऐ भीषण सड़क में भाई की मौत हो गई थी, वहीं अपने पति के साथ अंतिम यात्रा में देवपुर जा रही थी, तभी बलकौरा निवासी हालू पिता लक्ष्मी राजपूत चंदला आ रहे थे, तभी बलकौरा तिगैला के पास दोनों बाइक टकरा गई, वहीं मौके पर गंभीर चोट आ गई, इसकी जानकारी परिजनों ने डॉयल 112 को दी जिसमें तैनात आरक्षक बलवीर सिंह राजपूत अपने साथी पायलट गंगा चक्रवर्ती के साथ मौके पर घटना स्थल पर पहुंचे, जहां गंभीर महिला को 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवकुशनगर पहुंचाया, वही डॉक्टरों के द्वारा उपचार किया जा रहा है.

विद्यार्थियों को मिल रही सुविधाओं को देखने पहुंचे अधिकारी

सीहोर. कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले की 1100 से अधिक शालाओं में व्यापक निरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है. अधिकारियों द्वारा यह निरीक्षण कार्य 3 से 8 दिसंबर तक किया जाएगा. कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि यह पहल विद्यालयों की वास्तविक स्थिति सुधारने, शैक्षणिक गतिविधियों को मजबूत करने तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है. निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को 7 दिवस के भीतर अपनी संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा. निरीक्षण के दौरान स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं, शिक्षक उपस्थिति, विद्यार्थियों की स्थिति, शैक्षणिक गुणवत्ता, स्वच्छता सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं का विशेष ध्यान रखा जाए.

कन्या शिक्षा की छात्राओं ने किया कौशल प्रदर्शन

सीहोर. कन्या शिक्षा परिसर में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में पंडित प्रदीप मिश्रा, एमपी सीजी एनसीसी के डीडीजी ब्रिगेडियर रजनीश सिंह गौर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर शामिल हुए. कार्यक्रम में बालिकाओं ने सामूहिक गीत, कराटे एवं आत्मरक्षा कौशल का प्रदर्शन, अनुभव कथन, लोक नृत्य, स्कूल बैंड प्रदर्शन, देशभक्ति नृत्य, योग प्रदर्शन, तीरंदाजी सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया. कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन भी किया गया. कार्यक्रम में कौस्तुभ करमरकर, प्राचार्य लोकेश सिंह, प्रशासक अशोक त्रिपाठी, विनोद बसावे, सत्येंद्र शर्मा सहित छात्राएं उपस्थित थीं.

श्री विश्वकर्मा बढ़ई, सुतार महासभा का हुआ गठन

आष्टा. विश्वकर्मा बढ़ई सुतार समाज की बैठक रखी गई जिसमें मनोहर विश्वकर्मा को श्री विश्वकर्मा बढ़ई सुतार महासभा का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया. कार्यक्रम में राजेश विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, मदन विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, संजय मालवीय, सोनू विश्वकर्मा, डॉ. अशोक विश्वकर्मा,गोलू विश्वकर्मा, दुर्गेश विश्वकर्मा, मदन लाल विश्वकर्मा, हेमंत विश्वकर्मा, लक्ष्मीनारायण पटेल, रमेश कारपेंटर, विष्णु विश्वकर्मा, कृष्णपाल विश्वकर्मा, मेहरबान विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे.

गीता पाठ के साथ छात्र-छात्राओं ने दिखाई कलाकृति

रेहटी. शासन के निर्देश अनुसार ग्राम मुर्राह में श्रीमद् भागवत गीता पाठ का आयोजन स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया. विद्यार्थियों ने भगवान कृष्ण की चित्रकला का चित्रण विभिन्न कलाकृतियों के रूप में किया गया वहीं विभाग द्वारा सर्वश्रेष्ठ कलाकृति को पुरस्कृत भी किया गया. गीता पाठ एवं कलाकृति कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य रविंद्र राजोरिया द्वारा किया गया. इस अवसर पर सरपंच मनोज नागर, योगाचार्य डॉक्टर कालूराम नागर, काका नागर, रविंद्र राजोरिया, जगदीश अहिरवार, पांचाली शर्मा, महिमा बिल्लोरे, नितेश चौहान सहित जनप्रतिनिधि स्कूली छात्राएं शिक्षक एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे. कार्यक्रम की सराहना विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई.

कस्तूरबा कन्या विद्यालय में छात्राओं को किया जागरूक

सीहोर. गुरुवार को शासकीय कस्तूरबा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की मुख्य वक्ता उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा) सुश्री पूजा शर्मा रहीं. बच्चियों को महिला संबंधी अपराधों, उनकी रोकथाम तथा उनसे बचाव हेतु आवश्यक सतर्कता के बारे मेंजानकारी प्रदान की गई. पॉक्सो एक्ट के महत्वपूर्ण प्रावधानों एवं ऐसी स्थिति में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में भी अवगत कराया गया. कार्यक्रम में बच्चियों से सीधा संवाद स्थापित किया गया तथा उनके प्रश्नों के उत्तर दिए गए. बच्चियों को यह भी बताया गया कि किसी भी अपराध या घटना की स्थिति में कहां और किस प्रकार रिपोर्ट दर्ज की जाती है. इसके अतिरिक्त बच्चियों को नशा-मुक्ति, साइबर जागरूकता तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया.

भीमकुंड : विज्ञान भी जिसके आगे हुआ नतमस्तक

- सुनामी और भूकंप से पहले बढ़ जाता है जलस्तर
- पानी कभी कम न होने वाला कुंड, स्रोत का पता नहीं
- पथरीली गुफाएं, यहां प्रकृति की अद्भुत संरचना

प्रियंका सिंह, नवभारत

छतरपुर, 4 दिसंबर. मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित भीमकुंड आज भी अपने भीतर ऐसे रहस्य समेटे बैठा है, जिनका जवाब विज्ञान भी नहीं दे पाया है.

चारों तरफ कठोर चट्टानों से घिरा यह जलकुंड बाहर से भले ही सामान्य दिखता हो, लेकिन इसकी गहराई, पानी का रंग और प्राकृतिक घटनाओं के प्रति इसकी प्रतिक्रिया इसे दुनिया के अनोखे स्थलों की सूची में शामिल करती है.

महाभारत काल का साक्षी : स्थानीय लोग मानते हैं कि यह कुंड महाभारत काल का साक्षी है. कथा के अनुसार, जब पांडव अज्ञातवास में थे और द्रौपदी अत्यधिक प्यास से व्याकुल हुई, तब भीम ने अपनी गदा से चट्टान पर प्रहार किया और यहां जलधारा प्रकट हुई. आज भी कुंड के चारों तरफ मौजूद पुरानी संरचनाएं और गुफाओं जैसी आकृतियां इस लोककथा को और भी विश्वसनीय बनाती हैं. भीमकुंड की सबसे आश्चर्यजनक बात है उसका नीला, क्रिस्टल जैसा साफ पानी, जिसकी गहराई दुनिया भर के वैज्ञानिकों के लिए पहेली बनी हुई है. पानी की पारदर्शिता इतनी है कि आप सतह से कई फीट नीचे तक मछलियों को तैरते देख सकते हैं. बताया जाता है कि कई बार इसे खाली करने के प्रयास हुए, लेकिन पानी का स्तर कभी कम नहीं हुआ—मानो इसके भीतर कोई अदृश्य स्रोत निरंतर पानी दे रहा हो.

कई देशों की वैज्ञानिक टीमें लौटी खाली हाथ, गहराई 22 फीट बाद रहस्यमय

2004 की सुनामी के दौरान जब समुद्र में भयावह हलचल थी, तभी भीमकुंड में अचानक 15 से 20 फीट तक जलस्तर उछलने लगा. यह घटना इतनी चौंकाने वाली थी कि विदेशी वैज्ञानिक टीमें यहां पहुंचीं. डिस्कवरी चैनल की टीम भी कई दिनों तक शोध करती रही, लेकिन 22 फीट से आगे कोई गोताखोर नहीं उतर पाया. अंदर पहुंचते ही तेज बहाव, भारी मछलियां और नीलम जैसी नीली चट्टानें रास्ता रोक लेती हैं. विशेषज्ञों का दावा है कि ऐसी मछलियां सामान्यत: समुद्र की गहराइयों में पाई जाती हैं, इसलिए यह कुंड किसी भूमिगत प्राकृतिक जलमार्ग से जुड़ा हो सकता है. इससे भी ज्यादा हैरानी की बात यह है कि जब भी दुनिया में किसी बड़े भूकंप या जलजाल (जलीय आपदा) की आशंका होती है, भीमकुंड का जलस्तर स्वत: बढ़ने लगता है. कई बार नेपाल, जापान व हिन्द महासागर में आए भूकंपों के पहले भी ऐसा देखा गया. यही वजह है कि स्थानीय लोग इसे प्राकृतिक आपदा का संकेतक भी मानते हैं. चट्टानों के बीच बना गोलाकार खुला हिस्सा, जहां से आसमान बिल्कुल वृत्ताकार दिखता है, इसकी रहस्यमयी सुंदरता को और बढ़ाता है. हल्की आवाज भी ईको में बदल जाती है, मानो पहाड़ स्वयं इस जगह की कहानी बयां कर रहे हों. भीमकुंड सिर्फ आस्था का प्रतीक नहीं, यह प्रकृति का ऐसा अजूबा है जो यह साबित करता है कि दुनिया में अभी भी कई रहस्य ऐसे हैं जिनके सामने विज्ञान भी निस्तेज पड़ जाता है.

सरपंच व बेटा रात में पशुओं को गौशाला से बाहर निकाल देते हैं

- ग्राम पंचायत इकारा के ग्रामीणों ने लगाया आरोप
- पंचायत में गौशाला प्रबंधन को लेकर विवाद तेज

छतरपुर, 4 दिसंबर. जिले की ग्राम पंचायत इकारा में गौशाला संचालन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है. ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच पुरुषोत्तम अहिरवार और उनके बेटे भान प्रकाश अहिरवार गौशाला में पशुओं को रखने के बजाय रात में उन्हें बाहर छोड़ देते हैं.

इस संबंध में कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनमें ग्रामीण सड़क से आवारा मवेशियों को गौशाला की ओर ले जाते दिखाई दे रहे हैं. इसी दौरान कुछ लोग डंडों के साथ गाली-गलौज करते भी नजर आने की बात ग्रामीणों ने कही है. ग्रामीणों का कहना है कि आवारा पशु फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं. जब वे गायों को गौशाला में ले जाने लगे तो उन्हें रोककर धमकाया गया. उनका आरोप है कि गौशाला अक्सर खाली रहती है और व्यवस्थाओं की लगातार अनदेखी की जा रही है. यह स्थिति तब सामने आई है जब कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने 6 अगस्त को आवारा पशुओं को गौशालाओं में सुरक्षित रखने के स्पष्ट निर्देश दिए थे. दो महीने पहले जिला पंचायत सीईओ ने भी निरीक्षण कर सुधार के निर्देश दिए थे, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं.

ग्रामीणों ने गौशाला की खस्ताहाल तस्वीरें भी दिखाई: टूटा टीन शेड, अव्यवस्थित परिसर और बिना देखरेख के छोड़े गए पशु. किसानों ने खुद 80 गायों को गौशाला में बंद किया, भूसा-पानी की व्यवस्था की और अपने खर्च से ताला तक लगाया. उनका कहना है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे जनसुनवाई में पहुंचकर कार्रवाई की मांग करेंगे. वहीं सरपंच पुरुषोत्तम अहिरवार का कहना है कि जल्द ही गौशाला को नियमित रूप से संचालित किया जाएगा.

अभिनेता राजपाल यादव पहुंचे बागेश्वर धाम

बाबा बागेश्वर की शादी को लेकर हुई चर्चा तेज

छतरपुर, 4 दिसंबर. जिले के प्रसिद्ध बागेश्वर धाम में गुरुवार को बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने पहुंचकर दर्शन किए. उनके आगमन के दौरान धाम परिसर में श्रद्धालुओं की उत्सुकता बढ़ गई.

राजपाल यादव ने यहां बागेश्वर धाम सरकार की मां से मुलाकात की, जहां बातचीत के दौरान बाबा बागेश्वर (धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री) की शादी को लेकर हल्की-फुल्की चर्चा भी हुई. सूत्रों के अनुसार, मुलाकात बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और धाम परिवार ने अभिनेता का आत्मीय स्वागत किया. राजपाल यादव ने धाम की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की और यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा को प्रेरणादायक बताया. धाम में मौजूद श्रद्धालुओं ने अभिनेता को देखकर उत्साह जताया और कई लोगों ने उनके साथ तस्वीरें भी लीं. राजपाल यादव ने कहा कि वे समय-समय पर धार्मिक स्थलों का भ्रमण करते रहते हैं और बागेश्वर धाम आने का अनुभव बेहद सुखद रहा. बाबा बागेश्वर की शादी को लेकर हुई चर्चा ने श्रद्धालुओं के बीच उत्सुकता जरूर बढ़ाई, लेकिन इस पर परिवार या धाम प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है.

वेयरहाउस में नहीं यूरिया, हो रही कालाबाजारी

हरपालपुर, 4 दिसंबर . अंचल में क्षेत्र के किसान वेयर हाउस में यूरिया की कमी के चलते किसान ब्लैकरो से ऊंचे दामों पर खाध खरीदने को मजबूर है.

यूरिया लेने आये कुछ किसानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वेयर में यूरिया नही होने से यूरिया लेने के लिए भटक रहे है, गौर हो यूरिया का सरकारी रेट 266 रुपये निर्धारित है वहीं ब्लैकर अपने गोपनीय ठिकानों,दुकानों व अन्य स्थानों पर स्टाक बनाये ब्लैक में यूरिया बेचते आये हैं सूत्रों की माने तो किसान दुकानदारों से सरकारी रेट की 266 रूपये की यूरिया की वोरी ब्लैक में 600 रूपये में खरीदने मजबूर है लोगों का कहना है किसान दुकानदारों से यूरिया लेने की बात करते है तो पहले उनसे यूरिया उपलब्ध न होने की बात करते है पर जरूरतमंद किसान दुकानदार से यूरिया अधिक रेट में देने की बात करते ही उक्त दुकादार सरकारी रेट 266 रुपये रेट की यूरिया 600 रूपये रेट पर खपा रहे है ऐसे में किसान लुट रहे है ब्लैकर माला माल हो रहे है स्थानीय नागरिकों व विपक्षी राजनैतिक दलों के नेताओं का कहना है वेयर हाउस में यूरिया उपलब्ध नही जबकि दुकानदारों के यहां उपलब्ध है लोगों ने कहना है कृषि विभाग के अधिकारी ध्यान नही दे रहे .

फाइल फोटो

इन स्थानों पर बिक रही यूरिया: कृषि उपज मंडी रोड ,नारायण गंज, रेलवे फाटक पार, राजपूत कालोनी रोड़ चिरवारी रोड पर चोरी छिपे धड़ल्ले से यूरिया की बिक्री की जन चर्चाओ का बाजार गर्म है,इस सम्बन्ध में कृषि विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क करना चाहा पर उनसे संपर्क नहीं हो सका.

यातायात में बाधक बने ओटले को ढहाया

बुधनी. समीपस्थ भैरूंदा तहसील मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित सीलकंठ पंचायत में गुरुवार को शिकायत के बाद एक 5 फीट लंबा ओटला तोड़ दिया गया. बताया जाता है कि यह ओटला पंचायत रोड पर आ रहा था, जिसकी शिकायत स्थानीय स्तर पर की गई थी. शिकायत की जांच के लिए राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सत्यापन के बाद कार्रवाई की गई. कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार आरती सोलंकी, पटवारी दौलत सिंह राजपूत, जितेंद्र सिकरवार, ग्राम पंचायत सचिव राधेश्याम पवार सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे.

कोर्ट ने दिया स्कूल निर्माण रोकने का आदेश

सीहोर. चांदबढ़ जागिर में बन रहे प्राथमिक विद्यालय के निर्माण कार्य को रोकने का आदेश न्यायालय के द्वारा पारित किया गया है. यह बताते चले कि चांदबढ़ जागिर का यह विवादित प्राथमिक विद्यालय भूमि पूजन के दिन से ही विवाद में आ गया. विवाद का मुख्य कारण इस विद्यालय को बांध के डूब क्षेत्र में बनाया जाना है. ग्रामीणों का कहना है कि बांध में जलभराव की स्थिति में हमारे छोटे-छोटे बच्चे जो इस विद्यालय में अध्ययन के लिये आएंगे.

महिला ने जादू-टोने के आरोप में 3 लोगों के खिलाफ की शिकायत

मानसिक प्रताड़ना का आरोप, कार्रवाई की मांग

छतरपुर, 4 दिसंबर. जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत नया चंद्रपुरा की रहने वाली राजवती आदिवासी ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर तीन लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई.

राजवती ने आरोप लगाया है कि ये लोग उसकी बहू पर लंबे समय से जादू-टोना और टोना-टोटका कर रहे हैं, जिससे उसका परिवार भय और मानसिक तनाव में है. राजवती के अनुसार, आरोपित लोग लगातार नकारात्मक शक्तियों का सहारा लेकर उसकी बहू को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं. परिवार इस कारण डर और असुरक्षा की स्थिति में जी रहा है. पीड़िता ने बताया कि उसने कई बार आरोपियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन इसके बावजूद वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आए, जिसके चलते उसे पुलिस की शरण लेनी पड़ी. महिला ने एसपी से मांग की है कि आरोपियों पर तुरंत कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि उसके परिवार को सुरक्षा मिल सके और ऐसी गतिविधियों पर रोक लगे. आवेदन मिलने के बाद एसपी कार्यालय ने शिकायत दर्ज कर ली है. मामले की जांच आगे सिविल लाइन थाना पुलिस के माध्यम से की जा सकती है. घटना के बाद क्षेत्र में जादू-टोना के आरोपों को लेकर चर्चा तेज हो गई है, जबकि ग्रामीणों में भी मिश्रित प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है.

उपलब्धि खजुराहो स्टोन क्राफ्ट, छतरपुर फर्नीचर और बैतूल-ग्वालियर की पारंपरिक कलाओं को वैश्विक पहचान

मध्यप्रदेश की पांच शिल्प कलाओं को मिला जीआई टैग

छतरपुर, 4 दिसंबर. मध्यप्रदेश की पांच महत्वपूर्ण पारंपरिक शिल्प कलाओं को उनके विशिष्ट भौगोलिक स्वरूप और अद्वितीय गुणों के आधार पर भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) की मान्यता मिल गई है.

केंद्र सरकार के आंतरिक व्यापार विभाग ने खजुराहो स्टोन क्राफ्ट, छतरपुर फर्नीचर, बैतूल भरेवा मेटल क्राफ्ट, ग्वालियर स्टोन क्राफ्ट और ग्वालियर पेपर मैशे क्राफ्ट को आधिकारिक रूप से जीआई टैग प्रदान किया है. इस उपलब्धि के बाद इन कलाओं की विशिष्टता देश-दुनिया तक पहुंचेगी और शिल्पकारों के जीवन स्तर में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है.

डॉ. रजनीकांत के सहयोग से तैयार हुए जीआई आवेदन

एक वर्ष पहले मध्यप्रदेश सरकार ने नाबार्ड और सिडबी के वित्तीय सहयोग से इन सभी शिल्प कलाओं के लिए जीआई आवेदन तैयार किए थे. खजुराहो स्टोन क्राफ्ट, बैतूल भरेवा मेटल क्राफ्ट, ग्वालियर स्टोन क्राफ्ट और ग्वालियर पेपर मैशे के लिए आवेदन नाबार्ड मध्यप्रदेश, जबकि छतरपुर फर्नीचर के लिए सिडबी मध्यप्रदेश की ओर से सहयोग दिया गया. इन आवेदनों को पद्मश्री डॉ. रजनीकांत के तकनीकी मार्गदर्शन में तैयार किया गया. त्ढ्ढ मैन ऑफ इंडिया के नाम से चर्चित डॉ. रजनीकांत ने इसे मध्यप्रदेश के लिए गर्व का क्षण बताया.

जीआई की दिशा में तेजी 25 और उत्पाद प्रक्रिया में: हाल ही नवंबर माह में पन्ना डायमंड को जीआई टैग मिल चुका है और लगभग 25 अन्य पारंपरिक उत्पाद जीआई पंजीकरण की अंतिम चरण में हैं. एमएसएमई मंत्री चौतन्य कुमार काश्यप ने राज्य के सभी शिल्पकारों को बधाई देते हुए कहा कि जीआई रजिस्ट्री चेन्नई में पंजीकरण से इन कलाओं और कलाकारों में क्रांतिकारी परिवर्तन आएंगे.

सीएम ने दी बधाई

मुख्यमंत्री ने पांच शिल्प कलाओं को जीआई टैग मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा यह हमारी विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने वाला गौरवपूर्ण क्षण है. यह हमारे शिल्पकारों की प्रतिभा और सृजनशीलता का सम्मान है. प्रदेश की कला संस्कृति विश्व स्तर पर और अधिक प्रतिष्ठा हासिल करें. शिल्पकारों को हृदय से बधाई. इस उपलब्धि के साथ मप्र की प्राचीन कला परंपरा को नई पहचान मिली है और स्थानीय शिल्पकारों के लिए नए अवसर खुलने की संभावना है.

विभिन्न कंपनियां करेंगी 700 पदों पर भर्ती

सीहोर 4 दिसम्बर. जिला प्रशासन द्वारा युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 9 दिसंबर को प्रात: 11 बजे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में किया जायेगा. रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की एनआईआईटी (एचडीएफसी, एक्सिस बैंक), नवकिसान बॉयो प्लांटेक भोपाल, षिवषक्ति बॉयो प्लांटेक भोपाल, दीपक फासनर्स जताखेड़ा, चेकमेट सेक्योरिटी सर्विसेस बड़ौदा, लायन फेब्रिक्स प्रा.लि. बुदनी, यशस्वी ग्रुप भोपाल, श्रीराम फाइनेंस सीहोर, पुखराज हेल्थ केयर प्रा.लि. भोपाल, नवभारत फर्टिलाइजर जबलपुर, एसबीआई लाइफ आईसर कंपनी पीथमपुर, वर्धमान फैब्रिक्स, फाउंडेशन क्षेत्र आदि 700 पदों पर भर्ती की जाएंगी.